न्यूज ब्रीफ

ठगी से सतर्कता संबंधित दी जानकारी

हरसूद। नगर के अरिहंत पब्लिक स्कूल में बुधवार को सेवा भारती संस्था द्वारा सोशल मीडिया पर होने वाली ठगी और साइबर क्राइम संबंधित बच्चों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षाप्रद जानकारी दी गई। यहां क्विक हिल फाउंडेशन पुलिस और सेवा भारती संस्था के सहयोग से सायबर सिक्योरिटी विषय पर नुक्कड़ नाटक पेश किया गया। इसमें ऑनलाइन ठगी कैसे की जाती है, इसके बारे में जानकारी दी गई, जिसमें ओटीपी कभी किसी को साथ शेयर ना करे, सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम-से-कम करें। ऐसे सारे विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी। यहां नुक्कड़ नाटक जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मार्केट और चौराहों पर किए जा रहे हैं। इसमें योगेश शेट्ये, तृषांत पाते, संदीप शिंगदाणे, कृष्णा सकपाळ, विशाल चव्हाण, गौरव निमकर द्वारा नाटक के माध्यम से सतर्कता संबंधित जानकारी दी जा रही है। सेवा भारती संस्था से सुनील गुप्ता, रवींद्र सिंग, अतुल शाह, मनोज शाह सहित संस्था प्रमुख संतोष जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन व शाला स्टाफ मौजूद रहा।